भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय / MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 21.12.2022

वार्षिकोत्सव में आरेडिका के बच्चों ने विखेरे रंग

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के ज्ञानदा बाल मन्दिर के वार्षिकोत्सव का आयोजन दिनांक 20.12.2022 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी एवं आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी के छोटे–छोटे बच्चों के नृत्य एवं गायन ने रंग–विरंगी छटा विखेरी जिसने सब का मन मोह लिया।

महाप्रबंधक महोदय, ने अपने संबोधन में कहा कि, बच्चे किसी भी देश के आधार होते हैं जिस पर उस देश की बुलन्द इमारत का निर्माण होता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों को बहुआयामी बेसिक शिक्षा प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में 65 बच्चों एवं 3 टीचर के साथ ज्ञानदा बाल मन्दिर की शुरूआत की गयी। आज 2022 में लगभग 385 बच्चे और 20 टीचर एवं स्टाफ हैं। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

महाप्रबंधक महोदय एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया एवं शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कटियार , प्रधान मुख्य अभियंता श्री एस.पी. यादव,वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री एम के अग्रवाल, आईजी एस के सैनी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ, ज्ञानदा बाल मन्दिर की अध्यापिकाएँ व बच्चों सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

21/12/2022

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी